भारत सरकार
पर्यावरण, वन **और** जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.274**
**01.12.2015** को उत्तर के लिए

**भू-मंडलीय तापन के बारे में जागरूकता**

**274. श्री पी. आर. सेनथिलनाथन:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भूमंडलीय तापन के प्रभावों के बारे में देश भर में लोगों में जागरूकता के बारे में सरकार ने विशेष पहल की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इस प्रयोजन हेतु कितनी राशि आवंटित/स्वीकृत की गई?

**उत्तर**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रकाश जावडेकर)**

(क) और (ख) पर्यावरण, वन **और** जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रेल मंत्रालय तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने एक विशिष्ट पहल के रूप में आम जनता, विशेष रूप से विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच जलवायु परिवर्तन संबंधी विज्ञान की जानकारी में वृद्धि करने के लिए दिनांक **15** अक्तूबर, **2015** को साईन्स एक्सप्रैस जलवायु परिवर्तन विशेष (एसईसीएएस) ट्रेन को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो अन्य चालू जागरूकता कार्यकलापों का अनुपूरण करेगी ।

**16** कोच की एसी ट्रेन पर प्रदर्शित यह अभिनव मोबाईल विज्ञान प्रदर्शनी देश भर में आठ महीनों के दौरान **20** राज्यों में **64** स्थानों पर रूक कर लगभग **19,500** कि.मी. की दूरी तय करेगी ।

(ग) साईंस एक्सप्रैस जलवायु परिवर्तन विशेष ट्रेन को चलाने के लिए **14.53** करोड़ रूपये की धनराशि आबंटित की गई है ।

*****